उगा हे सूरुजदेव... भईल अरघिया क बेर

एक-दूसरे की मांग में सिंदूर भरती सुहागिनें।

वेदी पर पूजा करती व्रती महिलाएं।

करिहा क्षमा हे छठी मइया, भूल-चूक गलती हमार....

व्रती महिलाओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर किया व्रत का पारण

(आज समाचार सेवा)

कानपुर 20 नवम्बर। करिहा क्षमा हे छठी मइया ,भूल - चूक हमार..., अब लीहीं सुरूज मल अरघिया आके करी न दया ... हे छठी मइया तोहार महिमा अपार...जैसे गीतों की वातावरण में गूंज, ढोल की थाप पर नाचते बच्चे व बड़े और परिवार के मुखिया सर पर ढाला लिए छठ पूजा घाट की ओर बढ़ रहे थे। इस दौरान सड़क पर भोर पहर आस्था का सैलाब उमड़ रहा था। यह नजारा सोमवार को पनकी पावर हाउस के पास आवास विकास कल्यानपुर और कालपी रोड अर्मापुर की सड़क का था। इसी तरह सीटीआई नहर और सचान गेस्ट हाउस के सामने बर्रा व अन्य स्थानों की सड़कों का रहा है। जहॉ पर लोक आस्था का सैलाब दिखा। श्रद्धा समर्पण और आस्था का महापर्व छठ पूजा के चौथे व अन्तिम दिन सोमवार को परिवार व पूजा सामग्री के साथ नहर किनारे घाट पर पहुँची व्रती महिलाओं ने वेदी पर छठ मइया की पूजा की और पानी में खड़े होकर उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पुत्र के दीर्घायु होने और परिवार के समृद्धि की कामना की। इस दौरान छठ मइया के जयकारे भी लगे। छठ पूजा के चौथे दिन सुबह पनकी ,अर्मापुर ,सीटीआई ,सचान नहरिया, दबौली वेस्ट, गुजैनी,नौरैयाखेड़ा, प्रेमनगर शान्तीनगर दादानगर, गंगा बैराज किनारे घाट ,मैग्जीन घाट, सिद्धनाथ घाट व कई क्षेतों में बनाए गए कृतिम तालाबों पर लाखों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। छठ पूजा घाट पर व्रती महिलाओं ने छठ मइया की पूजा अर्चना करके पानी में पहले से खड़ी हो गई और सूर्योदय का इन्तजार कर रही थी। जैसे सुबह 6 बजकर 20 मिनट पर सूर्योदय का समय हुआ। व्रती महिलाओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पुत्र की दीर्घायु होने और घर परिवार की समृद्धि की कामना की। इसके बाद घर वापस जाकर पूजा अर्चना के बाद प्रसाद ग्रहण कर व्रत का पारण किया। इसके साथ ही नहाय खाय से शुरू हुआ महापर्व का चौथे व अन्तिम दिन समापन हो गया।

नहर घाटों पर छठ पूजा के लिए भोर पहर उमड़ा आस्था का सैलाब

गंगा घाटों पर भी पूजा के लिए जुटी व्रती महिलाएं

कानपुर 20 नवम्बर। लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के लिए गंगा घाटों पर काफी संख्या में व्रती महिलाए एक बार फिर भोर पहर जुटी। इस दौरान सरसैयाघाट, मैग्जीन घाट, सिद्धनाथ घाट, रानी घाट , गंगा बैराज आदि घाटों पर व्रती महिलाओं ने छठी मइया के साथ ही गंगा मॉ की पूजा अर्चना की और उगते सूर्य को अर्ध्य देकर पुत्र की सलामती की दुआएं मांगी। यहॉ पर नबाब गंज ,आजाद नगर , चिड़ियाघर ,विष्णुपुरी आदि क्षेत्रों से भोजपुरी व पूर्वांचल समाज के लोगों की भीड़ हजारों की संख्या में जुटी रही। पूजा के दौरान मॉ गंगा और छठी मइया के जयघोष होते रहे।

दक्षिण की सड़कों व घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

कानपुर 20 नवम्बर। दक्षिण क्षेत्र की सड़कों व नहर किनारे घाटों पर छठ पूजा के लिए आस्था का सैलाब उमड़ा। सीटीआई नहर पहुँचने वाले सभी रास्तों से आने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। यही हाल सचान गेस्ट हाउस के पास गोविन्द नगर व बर्रा क्षेत्र से हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ और व्रती महिलाएं अपने परिवार के साथ बड़े ही उत्साह में पूजा घाट पर पहुँच रही थी। नौरैयाखेड़ा से निकलने वाली हलुआखाडा नहर किनारे सीटीआई, संजयनगर , दबौली वेस्ट में प्रकाश विद्यामंदिर के पास और मिश्री लाल चौराहे के पास घाट पर पूजा के लिए काफी संख्या में व्रती महिलाए पूजा सामग्री के साथ जुटी थी। यहॉ पर वेदी पर छठी मइया की पूजा करने के बाद पानी में खड़े होकर उगते सूर्य को अर्ध्य दिया और पुत्र की लंबी आयु होने की कामना की। नहर किनारे नौरैयाखेड़ा घाट पर सीता राम ठाकुर, गोविन्द यादव, आशु गुप्ता, प्रेमनगर शान्तीनगर दादानगर नहर घाट पर चन्द्रशेखर कुशवाहा, विजय कुशवाहा, धर्मदेव निषाद, गया प्रसाद निषाद, राहुल गुप्ता, राकेश, श्याम जनम, ओम प्रकाश आदि ने छठ पूजा का आयोजन किया।

पनकी नहर छठ पूजा घाट पर आस्था का उमड़ा सैलाब।

पैर छूकर मां का आशीर्वाद लेती व्रती महिला।

छठ पूजा के लिए कृत्रिम तालाबों पर भी लगा तांता

कानपुर 20 नवम्बर। शहर के कई इलाको में नहर तालाब की सुविधा न होने पर लोगों ने नगर निगम की मदद से कृतिम तालाब खुदवाए। शास्त्रीनगर छोटा व बड़ा सेन्टर पार्क, डा. राम मनोहर लोहिया पार्क ,जे 2 कालोनी स्थित पार्क , नमक फैक्ट्री चौराहा स्थित ग्रीन बेल्ट , विजयनगर में भीम सिंह निवास के पास बनाए गए कृतिम तालाब के घाट पर छठ पूजा कर उगते सूर्य को व्रती महिलाओं द्वारा अर्ध्य दिया गया। यहॉ पर भी छठ पूजा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं का भोर पहर से तांता लगा रहा। घाटों पर सजाए गए बिजली के झालरो की रंगबिरंगी जगमगाती रोशनी लोगों को अपनी ओर आर्कषित कर रही थी।

सुहागिनों ने एक दूसरे की मांग में भरा सिन्दूर

कानपुर 20 नवम्बर। छठ पूजा के दौरान अधिकांश घाटों पर व्रती महिलाओं ने पूजा अर्चना की और सुहागिनों ने एक दूसरे की मांग में सिन्दूर भरा और अपनी मॉ या सास के पैर छुकर आशीर्वाद मांगा।

24 दीपकों के साथ महिलाओं ने भरी कोसी

कानपुर 20 नवम्बर। पनकी नहर पर अपने पुत्र गोविन्द व बहू गूंजा के साथ छठ पूजा करने आई विद्यावती ने बताया कि मिट् टी की बनाई गई कोसी के पास 24 दीप जलाकर गन्ने की मड़ई बनाई गई।

सेल्फी लेकर छठ पूजा को बनाया यादगार

कानपुर 20 नवम्बर। नहर व तालाब किनारे या कृतिम तालाब पर छठ पूजा के लिए चौथे व अन्तिम दिन पहुँचे महिला व पुरूष के बीच कई युवतियों ने समूह में या अलग-अलग सेल्फी लेकर छठ पूजा को यादगार बनाया।

व्रत पूर्ण होने पर गले लगाकर बधाई देती मां।

घर की छत पर सूर्य की उपासना करती व्रती महिला।

घाटों पर बच्चों ने छुड़ाए पटाखे

कानपुर 20 नवम्बर। भोर पहर नहर व तालाब किनारे छठ पूजा घाट पर पहुँची व्रती महिलाओं के साथ बच्चों ने खुशहाली में आतिशबाजी की और कई बार पटाखे छुड़ाए। जो लोगों के बीच आर्कषण बना रहा है। जय प्रकाश नगर काकादेव में भीम सिंह, राजेश सिंह ,संजय चौधरी आदि द्वारा छठ पूजा का आयोजन किया गया था। यहॉ पर आवास विकास कल्यानपुर से उमादेवी के साथ आए उनके नाती पारस व पार्थ ने छोटे-छोटे बच्चों के साथ खूब आतिशबाजी की पटाखे छुड़ाए। वहीं प्रेमनगर शान्तीनगर में चन्द्रशेखर की नातिन व विजय कुशवाहा के छोटे-छोटे बच्चों ने पटाखे छुड़ाकर आनन्द लिया।

जल पीकर व्रत का पारण करती व्रती महिला।

ICICI Home Finance

कारपोरेट कार्यालयः—आईसीआईसीआई होम फाईनेंस कम्पनी लिमिटेड,आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अन्धेरी-कुर्ला रोड, अन्धेरी (ईस्ट) मुम्बई-400059 इण्डिया।
शाखा कार्यालयः-भूतल,104/438, पी-रोड, शीशामऊ, रामबाग चौराहा, कानपुर-208012

(देखें-नियम-8 (6) के प्राविधान)

अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु सूचना

सिक्योरिटी इन्टरेस्ट (इन्फोर्समेण्ट) रूल्स-2002 के नियम-8(6) के प्राविधानों सहित सिक्योरिटाईजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनेन्शियल एसेट्स एण्ड इन्फोर्समेण्ट ऑफ सिक्योरिटी इन्टरेस्ट एक्ट-2002 के अर्न्तगत अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।

एतद्द्वारा जनसाधारण को तथा कर्जदारों एवं गारण्टीदाताओं को विशेष रूप से सूचना दी जाती है कि आईसीआईसीआई होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा सिक्योर्ड क्रेडिटर को बन्धक की गई/ प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति का **भौतिक कब्जा** ले लिया गया है तथा उसे नीचे दिये गये संक्षिप्त विवरण के अनुसार ***जैसा है जहां है तथा जो भी वहां है*** के आधार पर बिक्री की जायेगी।

क्र.सं.	कर्जदार/सह-कर्जदारों/गारण्टीदाताओं/विधिक उत्तराधिकारियों के नाम ऋण खाता संख्या	ज्ञात प्रभारों यदि कोई है/सहित प्रतिभूतिव सम्पत्ति का विवरण	बकाया धनराशि	रिजर्व कीमत धरोहर धनराशि जमा	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	सुरेन्द्रपाल सिंह सेठी (कर्जदार) सिमरनजीत कौर (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या LHKAN00001394946	फ्लैट नं०-305, तृतीय तल, शताब्दी इंक्लेव प्रेमसिस नं०-118/548 और 118/458-ए, प्लाट नं०-175, ब्लॉक-जी. ब्यूलटॉवर स्कीम नं०-1 एफ. डब्लू. एस. कौशलपुरी, कानपुर नगर, कानपुर, उत्तर प्रदेश-208012	रू. 53,19,744/- 16 नवम्बर 2023	रू. 46,81,638/- / रू. 4,68,170/-	24 नवम्बर 2023 पूर्वान्ह-11.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे	08 दिसम्बर 2023 अपरान्ह-2.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे

आन लाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **ग्लोब टेक** के वेबसाइट (**URL Link-/https://BestAuctionDeal.com**) हमारी एक्शन एजेंसी टाइगर पर संचालित की जायेगी/ बंधक कर्ताओं को **07 दिसम्बर,2023** तथा **अपराह्न-5.00 बजे** के पूर्व तक अतिरिक्त ब्याज सहित कुल बकाया का भुगतान करने के लिये अन्तिम अवसर प्रदान किया जाता है। अन्यथा इन सिक्योर्ड सम्पत्तियों को उपरोक्त शेड्यूल के अनुसार बिक्री कर दी जायेगी।

अपेक्षिक बिडर्स धरोहर धनराशि जमा (ई.एम.डी.) आर.टी.जी.एस./डिमांड ड्राफ्ट (डी.डी.) (कालम/(ई) देखे) को **आई.सी.आई.सी.आई. होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड भूतल 104/438, पी-रोड, शीशामऊ, रामबाग चौराहा, कानपुर-208012** पर **07 दिसम्बर,2023** के पूर्व अथवा तक **अपराह्न 04.00** बजे के पूर्व अवश्य जमा कर देवें/ कृपया ध्यान दे यदि अपेक्षित बिडर्स उपरोक्त समय के अनुसार अपने आफर जमा करने में असमर्थ होगे तब निविदा प्रपत्रों की हस्ताक्षरित प्रतिलिपि **आई.सी.आई. सी. आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड भूतल 104/438, पी-रोड, शीशामऊ, रामबाग चौराहा, कानपुर-208012** पर **07 दिसम्बर,2023** के पूर्व अथवा तक **अपराह्न 5.00 बजे** पूर्व जमा किया जा सकता है। धरोहर धनराशि जमा डिमाण्ड ड्राफ्ट (डी.डी.)आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड-आक्शन के पक्ष में **कानपुर** में देय किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक के **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड-** स्थान **कानपुर** के नाम होना चाहिये।

निरीक्षण, नीलामी की नियम तथा शर्ते अथवा निविदा के जमा के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड** से **022-69974300** पर सम्पर्क करे **व सेल्स और मार्केटिंग प्रिण्टर नेक्सन सोल्यूशन प्राईवेट लिमिटेड।**

अधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताये किसी अथवा सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

विक्रय के विस्तृत नियम तथा शर्तों हेतु कृपया **https://www.icicihfc.com** देखें।

दिनांकः 21 नवम्बर 2023
स्थानः कानपुर

अधिकृत अधिकारी
आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड